एक नजर में



## स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में उतारें: जड़िया

**सागर.** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विवेकानंद वार्ड में सूर्य विजय अखाड़ा से वार्ड की समस्त छोटी-बड़ी गलियों की सफाई की गई. अभियान का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं पार्षद डॉ. याकृति जड़िया ने किया. पार्षद डॉ. याकृति जड़िया ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि इसे हम अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए. इस अवसर पर जगन्नाथ गुरैया, अमित बैसाखिया, अंशुल हर्षे, गोपी पंथी, विष्णु खटीक, दशरथ मालवीय, सत्यनारायण रजक, अरुण सोनी, निमेश जड़िया, रिंकू सोनी, जय कुमार सोनी, संकल्प जैन, शिवा यादव, सीताराम ओझा मौजूद रहे.



## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

**सागर.** रोटरी क्लब ने शहर के विभिन्न गरबा पंडालों में तीन आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया, जहाँ कुल मिलाकर 250 से अधिक महिलाओं को प्रारंभिक आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण दिया गया. पीटीएस की एसपी लवली सोनी के सहयोग से टीआई अफरोज खान के मार्गदर्शन में दो विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की व्यवस्था की. इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष आशीष सिंह व सचिव नितिन साहू, प्रिंस जैन, नेवी जैन, सनी जैन,सौरभ रांधेलिया, आरके पाठक, सुबोध जैन,एसआर सिंह, वीनू राणा उपस्थित थे.



## सेवा पखवाड़ा के तहत समनापुर में कार्यक्रम

**रहली.** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रासेयो और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कैडेट कोर और क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में ग्राम समनापुर कला में पर्यावरण संरक्षण पर परिचर्चा आयोजित की गई. मुख्य अतिथि समनापुर कलां सरपंच प्रतिनिधि छोटू कुर्मी रहे. छात्र-छात्राओं ने पंचायत भवन में पौधारोपण किया पर्यावरण जागरूकता की शपथ ली. संचालन सत्यम दुबे ने किया. इस अवसर पर रणवीर सिंह, कमल भाटिया, राजकुमारकुर्मी, शालकराम कुर्मी, डॉ. नारायण अहिरवार, डॉ भूपेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र चौरसिया, डॉ स्वप्ना सराफ, पूजा गुप्ता, शुभ्रा अवस्थी, मेघा श्रीवास्तव, सोमपाल कुर्मी उपस्थित रहे.



## शांति समिति की बैठक आयोजित

**गौरझामर.** नवरात्रि- दशहरा पर्व को धार्मिक भक्ति भावना पारंपरिक हर्षोल्लास व शांति पूर्वक मनाने हेतु पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. थाना प्रभारी नासिर फारुकी ने सभी दुर्गा समितियो के अध्यक्षों, चल समारोह में सम्मिलित होने वाले अखाडों के सभी उस्तादो गरबा समिति अध्यक्ष रावण दहन समिति अध्यक्ष आदि से आगामी त्यौहार मनाने की रुपरेखा तैयार की. इस अवसर पर प्रकाश व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने, रात में कटौती नही करने, दुर्गा पंडालो मे साफ-सफाई करने अखाड़ो में घातक हथियार प्रतिबंधित रहने, चल समारोह में झांकी व अखाडो के प्रर्दशन रावण दहन पर समीप विधुत लाइन नही होने ,नवदुर्गा पर्व तक मांस मछली की दुकाने बंद रखने सड़को पर अवैध अतिक्रमित हाथ ठेलो को हटाने आदि विषयों को लेकर विचार किया गया.




## एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला

**बंडा.** शासकीय माध्यमिक शाला बिलहनी में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय प्रोसेस लेब प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रतिभागियों के पंजीयन पश्चात प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया. ब्लॉक मास्टर ट्रेनर दशरथ वर्मा, मनोज पटेल एवं श्रीमती किरन लारिया ने कर्मयोगी अभियान के प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें शपथ भी दिलाई. इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा फीडबैक भी प्रस्तुत किया गया. संचालन सागर सिंह भील एवं आभार रमेश अहिरवार अधीक्षक द्वारा माना.

## मकरोनिया में रोजगार मेले का आयोजन कल

**सागर.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय परिसर मकरोनिया, (बड़तूमा-नरसिंहपुर रोड) में 22 सितंबर को सुबह 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने विशेष प्रयास से आयोजित रोजगार मेला रोजगार विभाग,उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेला में देशभर की लगभग 40 प्रसिद्ध कंपनियां युवाओं को रोजगार के सुअवसर प्रदान करेगीं.

# लेफ्ट टर्न बने पार्किंग और स्टैंड

## लेफ्ट टर्न क्लीयर न होने से वाहन चालक हो रहे परेशान, स्मार्ट सिटी के कैमरे में नहीं कैद हो रहे

नवभारत न्यूज

**सागर 20 सितंबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर के प्रमुख मार्गों पर बनाए गए लेफ्ट टर्न अघोषित रुप से ऑटो स्टैंड और पार्किंग में तब्दील हो गए है जिससे उपरोक्त मार्गों पर वाहन चालक परेशान होते हैं.**

मालूम हो कि स्मार्ट सिटी में एसआर-1 और एसआर-2 के साथ अन्य कुछ प्रमुख मार्गों पर स्मार्ट सिटी के द्वारा लेफ्ट टर्न बनाए गए हैं मगर लेफ्ट टर्न या तो पार्किंग के रुप में इस्तमाल होने लगे हैं या फिर अघोषित रुप से ऑटो स्टैंड बनकर रह गए हैं. सिविल लाइन चौराहे पर केंट मॉल के किनारे सवारियों के चक्कर में ऑटो-आपे, ई रिक्शा




मार्ग को बाधित करते रहते हैं तो वहीं सिविल लाइन स्थित संगम होटल के नीचे लेफ्ट टर्न पर स्थाई रुप से बने ऑटो स्टैंड के कारण दो पहिया और चार पहिया वाहन रेड सिग्नल पर खड़े होने के लिए मजबूर हो जाते हैं. तो वहीं बंद हो चुके पेट्रोल पंप के किनारे भी ऑटो-आपे खड़े देखे जा सकते हैं. यही स्थिति जामा मस्जिद के चारों ओर भी दिन भर बनी रहती है. जहां पर आवागमन अवरुद्ध होने के कारण जाम लग जाता है. कटरा स्थित दिनेश स्टोर के सामने सवारियों के इंतजार में एक दर्जन से अधिक नगर सेवा के नाम पर लगे वाहन आवागमन अवरुद्ध करते हैं तो वॉच टॉवर के नीचे और यातायात थाना के बाजू में भी ऑटो-रिक्शा खड़े देखे जा सकते हैं. तिली तिराहा से तीन मढ़िया तक निर्माणाधीन एसआर-1 पर संजय ड्राइव के समीप लेफ्ट टर्न पर अघोषित रुप से पार्किंग संचालित हो रही है तो वहीं विद्युत मंडल के नगर संभाग के कार्यालय के किनारे तीन मढ़िया के सामने ऑटो स्टैंड बना है. लेफ्ट टर्न क्लीयर न होने से आए दिन सड़क दुर्घटनाओं के शिकार वाहन चालक हो रहे हैं.

लेफ्ट टर्न को घेर कर खड़े हो जाने वाले वाहन चालकों से भी अवरुद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाती है.

# आदिवासियों के बीच चले तीर, दो युवक हुए घायल

नवभारत न्यूज

**सागर 20 सितंबर. शाहगढ़ थाना क्षेत्र के भगतसिंह वार्ड में गौड़ आदिवासी समुदाय के दो गुटों में हुए विवाद में तीर कमान के हमले से दो युवक घायल हो गए हैं.**

मिली जानकारी के अनुसार बरायठा रोड स्थित भगतसिंह वार्ड में गौड़ आदिवासियों के दो गुट आपस में भिड़ गए जिसमे लाठी डंडे से मारपीट के अलावा तीर कमान का भी उपयोग किया गया जिसमे दो युवकों को तीर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. विवाद में घायल दोनों युवकों की शिकायत पर शाहगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर खतरनाक हथियार का इस्तेमाल करने सहित, विभिन्न धाराओं के अंतर्गत चार लोगों पर कार्यवाही की है.

घायल अखलेश्वर गौड़ की शिकायत पर सौरभ गौड़, देवी गौड़, लल्लू गौड़ एवं सूर्यपाल गौड़ पर मामला पंजीबद्ध किया गया है. सवाल यह है कि विगत तीन दशक पूर्व से शाहगढ़ में घुमक्कड़ गौड़ आदिवासी डेरा डाले हुए हैं जो वर्ष भर में लगभग 8 माह बड़े शहरों में घूमते है एवं वर्ष में तीन चार बार शाहगढ़ आकर एकत्रित होते है जितने समय यह शाहगढ़ में रहते है उतने समय इनके डेरो में लड़ाई झगड़े कर दहशत फैलाते है एवं वार्ड के आसपास में दहशत का माहौल रहता है. यह दो गुटों में बटकर एक दूसरे पर पत्थर लाठी डंडे का इस्तेमाल करते है लेकिन अब यह समुदाय लड़ाई झगड़े में बड़े-बड़े हथियारों का भी इस्तेमाल करने लगे है जिससे शाहगढ़ में दहशत का माहौल रहता है. जानकारी के अनुसार तीर कमान जैसे हथियार सहित लाइसेंसी हथियार भी बड़ी मात्रा में है.



# प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 20 सितंबर. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी सदर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ.**

विद्यालय में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक एवं पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई.कार्यक्रम में सांसद डॉ. लता वानखेड़े, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, संगठन प्रदेश मंत्री एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रभुदयाल पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ केशरवानी शामिल हुए. स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ.कल्पना शर्मा ने दिया. संचालन आलोक गुप्ता द्वारा किया गया. आभार श्रीमती शिवानी गौतम व्यक्त किया गया.

# स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**बीना 20 सितंबर. प्रताप वार्ड स्थित राष्ट्रीय न्यास के सहयोग से अंजनी समर्थ केंद्र में अंजनी जन कल्याण संस्थान समिति द्वारा ना निरामय बीमा जागरूकता एवं फिजियो स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया.**

डीबीएल सोशल वेलफेयर फाउंडेशन भोपाल से डॉ.सोनिया श्रीवास्तव, डॉ. नीलेश, डॉ. सूर्यकांत की टीम ने 41 दिव्यांगों की फिजियोथैरेपी की एवं परामर्श दिया. कार्यक्रम में निरामय बीमा कार्ड वितरित किए गए.



घनश्याम साहू ने कहा कि हमें दिव्यांगों की सेवा किसी न किसी रूप में करते रहना चाहिए .हमारा सबसे बड़ा धर्म है. नगर मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा भगवान की पूजा के बराबर है. पूर्व मंडी अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि संस्था द्वारा दिव्यांगों की सेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है. पूर्व मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है. इस दौरान सेंट्रल बैंक मैनेजर विनीत कुमार, डॉ. श्रीमती सोनिया श्रीवास्तव, श्रीमती शांतिबाई कुशवाहा,राकेश सुमन, राकेश माली, डॉ. गजेंद्र सिंह गौर, एजुकेटर नारायण सिंह राय, बलराम कुशवाहा आदि मौजूद थे.

# पूर्व सांसद नंदलाल चौधरी का निधन



**सागर.** लाट चौधरी नंदलाल चौधरी पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक का देवलोक गमन आज शनिवार को हो गया है. अंतिम यात्रा 21 सितंबर को प्रात:10.बजे गुरु अमरदास कॉलोनी भैंसा से भगवानगंज होते हुए नरयावली नाका मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया जावेगा.वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. श्री चौधरी सागर सुरक्षित संसदीय क्षेत्र से सांसद और खुरई विधानसभा क्षेत्र से 1962 में कांग्रेस पार्टी से विधायक रहे हैं.

# प्लॉग रन के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया

नवभारत न्यूज

**बांदरी 20 सितंबर. पूर्व गृहमंत्री व खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता ही सेवा विषय पर संवाद, पीएम आवास पर क्विज प्रतियोगिता, स्वच्छता संबंधी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई.**

सफाई मित्र स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पीएम स्वनिधि योजना शिविर, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना शिविर भी लगाए गए. सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान किया.

सीएमओ प्रभुशंकर खरे ने बताया कि नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुरू हो गया है. स्वच्छता पखवाड़े केदौरान




नगरीय निकायों को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, क्लीन ग्रीन उत्सव, स्वच्छता मेंभागीदारी बढ़ाये जाने, महिला स्व-सहायता समूह के साथ वर्षा औरजल-संरचनाओं की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिये कहा गया है. सीएमओ श्री खरे ने स्वच्छता की शपथ दिलाई. इसके बाद अथितियों द्वारा प्रतियोगियोंको पुरस्कार दिए गए. आयोजन में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनिल पाराशर, आस्था पुरोहित, सांदीपनी स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं.

# वयोवृद्ध रामदुलारी साहू का निधन, अंत्येष्टि आज

**सागर.** सागर न्यूज पेपर एजेंट कमल साहू बृजेश साहू की माता



रामदुलारी साहू 90 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामचरण साहू का देवलोक गमन हो गया है. उनका अंतिम संस्कार 21 सितंबर रविवार को सुबह 11 बजे नरयावली नाका मुक्तिधाम पर किया जावेगा. वे अपने पीछे चार पुत्रों नंदकिशोर कन्हैयालाल, कमल एमपीईबी, एडवोकेट जितेंद्र एवंबृजेश साहू एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई.




# स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 20 सितंबर. राष्ट्रीय पोषण माह के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य एवं सशक्त बनाने हेतु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है.**

परियोजना अधिकारी विजय जैन द्वारा बताया गया आयुष विभाग के सहयोग से 16 वर्ष तक के 140 बच्चो को स्वर्ण प्राशन पिलाया गया. वहीं 52 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण डॉ निधि मिश्रा द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप लारिया, नपा अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार विशिष्ट आतिथ्य थे. संचालन श्रीमती स्नेहा आठिया एवं आभार पूनम कबीरपंथी ने माना.

# गैस गोदाम से सिलेंडर चोरी

नवभारत न्यूज

**सागर 20 सितंबर. राहतगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सीहोरा रोड स्थित गैस गोदाम में बीती रात अज्ञात चोरों ने गैस सिलेंडर चोरी कर लिए गए.**

जानकारी के अनुसार गैस एजेंसी के मैनेजर हर्ष गौतम गोदाम पहुंचे तो देखा कि गोदाम के मेन गेट से लेकर अंदर तक लगे ताले टूटे पड़े हैं. तत्काल अंदर जाकर स्टॉक की जांच की गई, तो पाया कि कई गैस सिलेंडर चोरी हो गए हैं. उन्होंने बताया कि गोदाम पर उनके नाना-नानी एवं मौसी का परिवार रहता हैं, लेकिन वे सभी पारिवारिक कार्य से सागर चले गए थे. गोदाम का मेन गेट बंद कर ताला लगा दिया गया था. गोदाम वाले गेट मे भी ताले लगे थे जिसकी चाबी सिर्फ गोदाम मैनेजर के पास रहती है और रोजाना उनके सामने ही



गोदाम खोला और बंद किया जाता है. मैनेजर हर्ष गौतम ने बताया कि पुलिस चौकी सीहोरा प्रभारी को लिखित शिकायत देकर घटना की जानकारी दी लेकिन उन्होंने शिकायत लेने से इनकार कर दिया. उन्होंने मांग की है कि चोरी की वारदात में शामिल अज्ञात चोरों की जल्द से जल्द पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. इस घटना से आसपास के व्यापारियों में भी चिंता का माहौल है. लोगों का कहना है कि पुलिस को गश्त बढ़ाकर सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए.

# त्रिदिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह आज से प्रारंभ

**सागर.** रंग प्रयोग के तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से त्रिदिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन स्थानीय रविंद्र भवन में 21 सितंबर से शुरु होने जा रहा है जो 23 सितंबर तक चलेगा. रंग प्रयोग के संस्थापक राजकुमार रैकवार ने बताया कि त्रिदिवसीय समारोह के प्रथम दिन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुभारंभ होगा. 21 सितंबर को सायंकाल 7 बजे से राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की रचना रश्मिरथि नाटक का मंचन किया जायेगा. सुरभि बेगूसराय की संस्था के द्वारा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के हरीश हरी औध के निर्देशन में मुंबई के कलाकार नाटक का मंचन करेंगे. 22 सितंबर को फितरती चोर व 23 कब आयेगा कफन नाटक का मंचन होगा.

# सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 20 सितंबर. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सेवा पखवाड़ा के तहत अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए.**

सिविल अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर जिन युवाओं ने रक्तदान किया उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, जब किसी और के खून से बचती है अपनों की जान, तब समझ आता है क्या होता है रक्तदान. आवश्यकता के समय ही रक्तदान का महत्व समझ आता है. मंत्री राजपूत ने रक्तदान को जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी बताया. मंत्री श्री राजपूत ने अस्पताल परिसर में भाजपा



पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ झाड़ू उठाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की. मंत्री श्री राजपूत ने लोकल फॉर वोकल पहल के तहत दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की अपील की, ताकि देश की मिट्टी की खुशबू से बनी वस्तुओं को बढ़ावा मिले और भारत समृद्ध हो.

इस दौरान डॉ. सुखदेव मिश्रा, डॉ. वीरेंद्र पाठक, अरविंद सिंह राजपूत, प्रियंक तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी, रामकुमार पप्पू तिवारी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, संजना जैन, विनोद कपूर, डैनी जैन, रामशरण, अमित राय, प्रवीण गोस्वामी, रामकुमार यादव, शैतानसिंह, विकास ओसवाल, नानू तिवारी, सलीम रंगरेज, नईम मंसूरी, जहीर कुरैशी, सतीश, राहुल तिवारी, सोनू सोनी, संदीप शुक्ला, विशाल खटीक, राहुल जैन मौजूद रहे.

# स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा हुई

नवभारत न्यूज

**सागर 20 सितंबर. एडिना ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन फार्मास्यूटिकल इन्नोवेशंस इन एडवांस्ड ड्रग डिलीवरी सिस्टम एंड ट्रांसलेशन बायोटेक्नोलॉजी विषय पर किया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. सुरेश व्यास, विशिष्ट अतिथि प्रो. विनोद दीक्षित एवं प्रो. उमेश पाटील रहे. संगोष्ठी में विषय विशेषज्ञ डॉ. उमेश गुप्ता विभागाध्यक्ष केंद्रीय विश्वविद्यालय अजमेर राजस्थान एवं डॉ. आवेश यादव राष्ट्रीय




औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, रायबरेली उत्तरप्रदेश ने उपस्थित विद्यार्थियों को नियंत्रित दवा वितरण प्रणाली में हो रहे नवाचार एवं अनुवाद संबंधी जैव प्रौद्योगिकी पर विस्तार से जानकारी दी. डायरेक्टर डॉ. सुनील जैन एवं चेयरमैन राजेश जैन ने विगत इक्कीस वर्षों में संस्था में हो रहे शोध कार्य एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में संस्था के योगदान के बारे में बताया. प्राचार्य एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉ. प्रतीक जैन ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. हर्षिता जैन ने किया.


**क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दीनदयाल नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सागर (म.प्र.)**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना क्र. एस.ओ. 1533 (E) दिनांक 14.09.2006 यथा संशोधित प्रावधान अनुसार सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि **ग्राम-तिगोड़ा, तहसील शाहगढ़, जिला सागर** में निम्नानुसार खनन परियोजना की लोक सुनवाई प्रस्तावित है -

**M/s. Pratima Raje Rana Tigoda Dolomite Quarry, Capacity : 6,00,000 Ton/Year, Aria. 18.210 Hect., khasra No. 1008 At Village- Tigoda, Tehsil- Shahgarh, District- Sagar.** उक्त खदान के प्रबंधक द्वारा **State Level E&pert Appraisal Committee, Bhopal** से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के समक्ष लोक सुनवाई हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त परियोजना की इन्वायरमेन्टल इम्पेक्ट असेसमेंट स्टडी रिपोर्ट, उसका कार्यपालक सार (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में) तथा उक्त दस्तावेजों की डिजिटल प्रतिकृति काम्पेक्ट डिस्क (सी.डी.) में प्रस्तुत की है, जो जन-सामान्य के अवलोकनार्थ 1. सरपंच, ग्राम पंचायत तिगोड़ा, तहसील शाहगढ़, जिला-सागर, 2. कलेक्टर कार्यालय सागर, 3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय सागर, 4. महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सागर, 5. क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्या. पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल, 6. क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सहित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट **www.mppcb.nic.in** पर भी उपलब्ध रहेगी एवं इच्छुक नागरिक इसका अवलोकन कर सकते हैं।

अत: जिस किसी व्यक्ति को उक्त पत्थर खनन परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दीनदयाल नगर, सागर (म.प्र.) में प्रस्तुत कर सकते हैं।

उक्त खनन परियोजना के संबंध में कलेक्टर महोदय के द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार लोक सुनवाई का आयोजन **दिनांक 07.11.2025 दिन शुक्रवार समय प्रात: 11.00 बजे से अनुविभागीय अधिकारी (रा.)** शाहगढ़, जिला-सागर की अध्यक्षता में खनन स्थल के समीप, ग्राम-तिगोड़ा, तहसील-शाहगढ़, जिला-सागर में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक उपरोक्तानुसार लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी अथवा आपत्ति लिखित / मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**क्षेत्रीय अधिकारी,**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर**